अर्जुन पुरस्कार के लिए धवन, राहुल व बुमराह का नाम भेजेगा बीसीसीआई

# खेल रत्नः मिताली राज व आर अश्विन के नाम की सिफारिश

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न के लिए महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी मिताली राज और शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम की सिफारिश करने का फैसला किया है। अर्जुन पुरस्कार के लिए बोर्ड सीनियर बल्लेबाज शिखर धवन, लोकेश राहुल और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम भेजेगा। पिछले साल धवन के नाम की अनदेखी की गई थी। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया, 'अर्जुन पुरस्कार के लिए किसी महिला क्रिकेटर को नामित नहीं किया गया है। खेल रत्न के लिए मिताली के नाम की सिफारिश की गई है।' यह



देखना होगा कि खेल मंत्रालय द्वारा नियुक्त पैनल ओलंपिक वर्ष में मिताली को पुरस्कार के लिए चुनता है या नहीं। मिताली ने पिछले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 22 साल पूरे किए। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी सात हजार से अधिक रन के साथ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे सफल बल्लेबाज है।

***रवि, दीपक, अंशु नामित:*** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहलवानों रवि दाहिया और दीपक पूनिया के साथ तेजी से उभरती हुई पहलवान अंशु मलिक को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया है। दीपक ने नूर सुल्तान में 2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था जबकि रवि ने कांस्य पदक के साथ तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। दाहिया तोक्यो खेलों की 57 किग्रा स्पर्धा में पदक के मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं जहां उन्हें चौथी वरीयता दी गई है। डब्ल्यूएफआई ने 19 साल की अंशु को भी नामित किया है जिन्होंने पिछले साल सीनियर सर्किट पर पदार्पण के बाद छह टूर्नामेंटों में पांच पदक जीते। इसमें एशियाई खिताब भी शामिल है।

***मोदगिल और मित्तल के नाम भेजे:*** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए डबल ट्रैप विश्व चैम्पियन अंकुर मित्तल व ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी अंजुम मोदगिल के नाम की सिफारिश की।

# फर्राटा धाविका दुती ने हासिल किया टोक्यो ओलिंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष भारतीय फर्राटा धाविका दुती चंद ने टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वर्ल्ड रैंकिंग से उन्होंने बुधवार को यह कोटा हासिल किया, जिसमें 100 मीटर के लिए 22 और 200 मीटर के लिए 15 स्थान उपलब्ध थे। 100 मीटर में दुती चंद की विश्व रैंकिंग 44 है तो 200 मीटर में 51 पायदान पर है।

इससे पहले दुती चंद ने राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी आखिरी रेस चौथे पायदान पर खत्म की थी, जिसके बाद वह ओलिंपिक कोटा हासिल करने से चूक गई थी। हालांकि बीते हफ्ते उन्होंने महिलाओं की



100 मीटर दौड़ में 11.17 सेकंड समय निकालकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और 0.02 सेकंड से क्वालीफिकेशन से चूक गई थी।



## रीजिजू ने चोटिल हिमा को ढांढ़स बंधाया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने फर्राटा धाविका हिमा दास को ढाढ़स बंधाया जिनका चोटिल होने के कारण तोक्यो ओलंपिक से बाहर होना तय है। इक्कीस वर्षीय हिमा पटियाला में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान शनिवार को चोटिल हो गई थी। रीजिजू ने ट्वीट किया, 'चोटें खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा होती हैं। मैंने हिमा दास से बात की और उससे कहा कि वह टोक्यो ओलंपिक से बाहर होने पर हिम्मत नहीं हारे तथा एशियाई खेल 2022, राष्ट्रमंडल खेल 2022 और पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी करे।'

# श्रीहरि ने टोक्यो ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने बुधवार को टोक्यो ओलंपिक में आधिकारिक रूप से जगह बनाई जब खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिना ने रोम में सेटे कोली ट्रॉफी में पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में उनके 'ए' क्वालीफिकेशन स्तर को स्वीकृति दी। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने ट्वीट किया, 'श्रीहरि नटराज के सेटे कोली ट्रॉफी में टाइम ट्रायल के दौरान 53.77 सेकंड के ओलंपिक क्वालीफिकेशन समय को फिना ने स्वीकृति दे दी है। एसएफआई ने उनका प्रतिनिधित्व फिना के पास भेजा था। श्रीहरि टोक्यो में 'ए' क्वालीफिकेशन प्रवेश के रूप में भारत के साजन प्रकाश से



■ नटराज ने रविवार को 'ए' क्वालीफिकेशन स्तर हासिल किया जो 53 .85 सेकंड है

जुड़ेंगे।' नटराज ने रविवार को राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के साथ ही टोक्यो खेलों का 'ए' क्वालीफिकेशन स्तर हासिल किया जो 53.85 सेकेंड है। टाइम ट्रायल में तैराकों को अन्य प्रतिद्वंद्वियों से प्रतिस्पर्धा का मौका नहीं मिलता लेकिन वे अपने समय में सुधार कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### खेल रत्न के लिए नीरज के नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार भाला फेंक के



एथलीट नीरज चोपड़ा के नाम की सिफारिश प्रतिष्ठित राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए की है। तेईस वर्षीय चोपड़ा के नामांकन से पहले ओडिशा सरकार ने फर्राटा धाविका दुती चंद के नाम की इसी पुरस्कार के लिये सिफारिश की थी। यह 2018 के बाद चौथा अवसर है जबकि चोपड़ा के नाम की सिफारिश खेल रत्न के लिये की गयी है। सरकारी सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, पुरस्कार समिति ने इस वर्ष खेल रत्न के लिये नीरज के नाम की सिफारिश की है।

### कोहली चौथे और विलियमसन फिर टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर

**दुबई।** साउथम्पटन में पिछले हफ्ते विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फाइनल में खिताबी जीत के दौरान टीम की अगुआई करने वाले न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। तीस साल के विलियमसन ने भारत के खिलाफ कम स्कोर वाले फाइनल की दो पारियों में क्रमशः 49 और नाबाद 52 रन बनाए जिससे उनके 901 अंक हो गए हैं और उन्होंने स्टीव स्मिथ (891 अंक) पर 10 अंक की बढ़त बना ली है। भारतीय कप्तान विराट कोहली चौथे स्थान पर बरकरार हैं जबकि रोहित शर्मा छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सातवें स्थान पर हैं।

दूसरी टेस्ट चैंपियनशिप का पॉइंट सिस्टम

# एक टेस्ट में जीत पर मिलेंगे 12 पॉइंट, ड्रॉ पर 4 व टाई पर 6 अंक

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की दूसरी साइकिल (2021-23) की घोषणा कर दी है। यह साइकिल भारत और इंग्लैंड के बीच अगस्त से खेली जाने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगी।

आईसीसी ने इसके साथ ही दूसरी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए पॉइंट सिस्टम की घोषणा भी कर दी है। दूसरी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत सभी टीमों की सीरीज पहले से तय हैं। हालांकि, आईसीसी ने अब तक फाइनल के वेन्यू और तारीख की घोषणा नहीं की है।

## हर टीम को खेलनी होंगी 6 सीरीज





### कुल 9 टीमें लेंगी हिस्सा

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की दूसरी साइकिल में कुल 9 टीमें शामिल हैं। भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और बांग्लादेश इसका हिस्सा हैं। हर टीम को 6 सीरीज खेलनी है। इसमें 3 होम सीरीज होगी और 3 अवे सीरीज होगी।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर जीता था खिताब

*पहली बार हुई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुआ था। जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर पहली बार किसी आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा किया था।*





### सबसे ज्यादा मैच इंग्लैंड खेलेगा

इस बार की साइकिल में सबसे ज्यादा 21 टेस्ट मैच इंग्लैंड की टीम खेलेगी। भारतीय टीम 19 और ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 टेस्ट मैच खेलेगी। साउथ अफ्रीका 15 और पाकिस्तान 14 मैच खेलेगा। मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम 13 मैच खेलेगी। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा और कोई भी टीम अपनी किसी भी सीरीज में 3 से ज्यादा मैच नहीं खेलेगी। बांग्लादेश 9 टीमों में से इकलौती टीम है जो हर अपनी हर सीरीज में 2 मैच ही खेलेगी।

### स्लो ओवर रेट के लिए पेनल्टी

आईसीसी ने स्लो ओवर रेट के लिए पेनल्टी लगाने की घोषणा भी की है। हर एक ओवर के लिए दोषी टीम के 1 पॉइंट काटे जाएंगे।

### परसेंटेज पॉइंट सिस्टम लागू होगा

पिछली बार की तरह इस बार हर सीरीज के 120 पॉइंट नहीं हैं। हर मैच के एक समान पॉइंट दिए गए हैं। हालांकि, परसेंट पॉइंट सिस्टम को जारी रखा गया है। कोई भी टीम अपने लिए उपलब्ध पॉइंट में से कितने परसेंट पॉइंट हासिल करती है इस आधार पर टेबल तैयार की जाएगी।

### टीमें जीत हासिल करने की करेंगी कोशिश

आईसीसी ने बताया है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल के तहत सभी मैचों के एक समान अंक होंगे। एक मैच में जीत हासिल करने पर 12 अंक मिलेंगे। मैच ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 4-4 अंक मिलेंगे। वहीं, टाई की स्थिति में दोनों टीमों को 6-6 अंक मिलेंगे। पिछली साइकिल में मैच ड्रॉ होने पर जीत के आधे अंक मिलते थे। इस बार ड्रॉ की स्थिति में एक तिहाई अंक ही मिलेंगे, लिहाजा टीमें ड्रॉ की जगह जीत हासिल करने पर ज्यादा जोर देंगी।

### 5 टेस्ट मैचों की सिर्फ दो सीरीज होंगी


वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की दूसरी साइकिल में भारत-इंग्लैंड सीरीज के अलावा इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशेज श्रृंखला में ही 5-5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत में होने वाली टेस्ट सीरीज 4 मैचों की इकलौती सीरीज होगी। साइकिल में 7 सीरीज 3 टेस्ट मैचों की और 13 सीरीज 2 टेस्ट मैचों की होगी।

# यूरो 2020 : जर्मनी को हराकर इंग्लैंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

एजेंसी ▶▶| लंदन

रहीम स्टर्लिंग और कप्तान हैरी केन के दूसरे हाफ में दागे गोलों की बदौलत इंग्लैंड ने मंगलवार को यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में जर्मनी को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम 16 के मुकाबले में वेम्बले स्टेडियम में इंग्लैंड की ओर से स्टर्लिंग ने 75वें मिनट और केन ने 86वें मिनट में गोल दागा। केन का यूरो 2020 में यह पहला गोल है जिससे विश्व कप 2018 के गोल्डन बूट विजेता के ऊपर से दबाव कुछ कम हुआ होगा।

यह मैच टीम के कोच गैरेथ साउथगेट के लिए काफी भावनात्मक रहा। 25 साल पहले ओल्ड वेम्बले स्टेडियम में साउथगेट पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए थे जिससे इंग्लैंड की टीम यूरो 1996 के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही थी। उस मुकाबले में इंग्लैंड के गोलकीपर की भूमिका निभा रहे डेविड सीमैन भी मंगलवार को दर्शकों के बीच मौजूद थे।





## युक्रेन ने स्वीडन को 2-1 हराया

**ग्लास्गो।** स्थानापन्न खिलाड़ी आर्टेम डोवबिक के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत युक्रेन ने मंगलवार को यहां स्वीडन को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ओलेक्सांद्र जिनचेंको ने 27वें मिनट में युक्रेन को बढ़त दिलाई लेकिन एमिल फोर्सबर्ग ने 43वें मिनट में स्वीडन को बराबरी दिला दी। डोवबिक (120 प्लस एक मिनट) ने इसके बाद अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में गोल दागकर युक्रेन की जीत सुनिश्चित की। अंतिम 16 में जगह बनाने वाली टीमों के बीच ग्रुप चरण में युक्रेन का रिकॉर्ड सबसे खराब था और अब टीम स्वीडन को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही जो यूरो 2020 में इस मुकाबले से पहले अजेय थी।

# 7 बार की चैंपियन चोटिल सेरेना विंबलडन से बाहर

एजेंसी ▶▶| विम्बलडन

स्टार टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स बेलारूस की एलियाकसांद्रा सेसनोविच के खिलाफ मंगलवार को पहले दौर के मुकाबले में दाएं पैर में चोट के कारण विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अपने 23 में से सात ग्रैंडस्लैम एकल खिताब यहां जीतने वाली सेरेना उस समय मुकाबले से हट गई जब स्कोर पहले सेट में 3-3 से बराबर था। किसी भी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के दौरान यह सिर्फ दूसरा मौका है जब सेरेना को मुकाबले के बीच से हटने को बाध्य होना पड़ा। इससे पहले 1998 में भी उन्हें ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के बीच से हटना पड़ा था।

सेरेना ने दुनिया की 100वें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटने के बाद कहा, 'आज मुकाबले से हटने से



*किसी भी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के दौरान यह सिर्फ दूसरा मौका*

मेरा दिल टूट गया था। आज जब मैं कोर्ट पर उतरी और बाहर गई तो मैंने दर्शकों की शानदार गर्मजोशी और समर्थन को महसूस किया। यही मेरी दुनिया है।' सेसनोविच ने कहा, 'वह बेजोड़ चैंपियन है और यह दुखद कहानी है।' रोजर फेडरर को जब सेरेना के हटने के बारे में बताया गया तो उन्होंने कहा, 'हे भगवान। मुझे इस पर विश्वास नहीं हो रहा।'

### फेडरर अगले दौर में

इससे पहले आठ बार के विंबलडन चैंपियन फेडरर ने अगले दौर में जगह बनाई जब उनके प्रतिद्वंद्वी एड्रियन मनारिनो चौथे सेट में चोटिल होने के कारण मुकाबले से हट गए। मनारिनो को भी कोर्ट पर उसी स्थान पर चोट लगी जहां सेरेना चोटिल हुई थीं। मनारिनो जब मुकाबले से हटे तब फेडरर ने शुरुआती तीन में से दो सेट गंवा दिए थे लेकिन चौथे सेट में वह 4-2 से आगे चल रहे थे।

### वीनस, कोको ने जीते मैच

अन्य मुकाबलों में सेरेना की 41 साल की बहन वीनस, 17 साल की कोको गॉ, गत फ्रेंच ओपन चैंपियन बारबरा क्रेजसिकोवा और शीर्ष वरीय ऐश बार्टी महिला एकल में जीत दर्ज करने में सफल रहे जबकि पुरुष एकल में दूसरे नंबर के दानिल मेदवेदेव, चौथे नंबर के एलेक्जेंडर ज्वेरेव और 10वें नंबर के डेनिस शापोवालोव अगले दौर में पहुंचे।

## अनुचित प्रोटोकॉल से उबरने की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने बुधवार को स्वीकार किया कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर तोक्यो ओलंपिक आयोजकों द्वारा भारतीय खिलाड़ियों पर लगाये 'अनुचित' प्रतिबंधों से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है और उन्होंने देश के खिलाड़ियों से इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की अपील की। बत्रा ने कहा कि खिलाड़ियों के अभ्यास और भोजन व्यवस्था जैसे कई मसलों पर आईओए को अब भी आयोजन समिति से स्पष्टीकरण का इंतजार है।




**अंका इंडिया लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 41, शिवालिक बिल्डिंग, निकट सरस्वती हॉस्पीटल / टेलीफोन एक्सचेंज ओल्ड दिल्ली रोड, गुड़गांव-122001
CIN: L74900HR1994PLC033268: Email id: response@ankaindia.com ; website: www.ankaindia.com; Phone No:- 011-49067646

31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार

राशि रु. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही (अअंकेक्षित) | | | समाप्त अर्ध वर्ष (अअंकेक्षित) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-मार्च-21 अंकेक्षित | 31-दिस.-20 अअंकेक्षित | 31-मार्च-20 अंकेक्षित | 31-मार्च-21 अंकेक्षित | 31-मार्च-20 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | 5.00 | - | | |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (3.95) | (1.40) | (1.93) | (6.77) | -16.96 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (3.95) | (1.40) | (1.93) | (6.77) | -16.96 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (3.95) | (1.40) | (1.93) | (6.77) | -16.96 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | - | - | - | - | - |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक के प्रत्यक्ष मूल्य वाले) | 62.74 | 62.74 | 62.74 | 62.74 | 62.74 |
| 7 | अन्य इक्विटी | NA | NA | NA | (512.41) | (505.04) |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) बेसिक : | (0.06) | (0.02) | (0.03) | (0.11) | 0.01 |
| | डायल्युटेड : | (0.06) | (0.02) | (0.03) | (0.11) | 0.01 |

टिप्पणियां :
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत बीएसई लि. के पास दायर किये गये 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) के साथ साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर उपलब्ध हैं।
2. विवरण की टिप्पणी 3 के संदर्भ में कम्पनी असैट के रूप में रु. 25.20 लाख की राशि पूर्ववर्ती वर्षों में भुगतान किये गये न्यूनतम वैकल्पिक कर की पहचान करना जारी रखे हुये है और फ्यूचर के कर भुगतानों के तहत इसका समायोजित करने की उम्मीद करती है। हमारे विचार में हानि के पूर्व इतिहास को देखते हुये जिसके कारण हमारी कम्पनी के नेटवर्थ नकारात्मक हो गई और कम्पनी की ओवरऑल वित्तीय स्थिति इसे परिसम्पत्ति के रूप में विचार करने की नहीं है और यह आयकर अधिनियम 1961 के तहत "न्यूनतम वैकल्पिक कर के सम्बन्ध में उपलब्ध ऋण हेतु लेखा पर मार्गदर्शी टिप्पणी" के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।
3. कम्पनी ने आयकर 1962 की अपेक्षाओं को रु. 6525 यू/एस 194जे की टीडीएस में कम कटौती के कारण पूरा नहीं किया है इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती वर्षों के दौरान काटी गई रु. 52000/- की राशि के टीडीएस के भुगतान में भी कम्पनी चूककर्ता है।
4. कम्पनी पिछले कुछ वर्षों से किसी प्रकार का कोई प्रचालन करती हुई प्रतीत नहीं होती, और यद्यपि फाइनेंशियल में इस पर कोई प्रश्न नहीं उठाया गया है किन्तु भुगतान की गई कैपिटल से 80% से अधिक राशि नकारात्मक रिजर्व के रूप में इकट्ठी हो गई है। जिसके कारण कम्पनी की क्षमता पर प्रश्न किये जा रहे हैं।

कृते और निदेशकों की ओर से
अंका इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
सुलक्षणा त्रिखा
अध्यक्ष

दिनांक : 30.06.2021
स्थान : गुरुग्राम



**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता-प्रथम, फिरोजपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-निविदाएं, अंतिम तिथि **27.07.2021** समय **15:00 बजे** तक, www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं हैं और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा पत्र की बयाना राशि की जगह "निविदा सुरक्षा घोषणा पत्र" निर्धारित प्रारूप में निविदा के साथ ई-पोर्टल पर संलग्न करेगा।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुला | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | बोली शुरू करने की तिथि | बोली समापन की तिथि तथा समय |
| 28.06.2021 | 13.07.2021 | 27.07.2021 |

| क्र. सं. | निविदा संख्या, तारीख | निविदा का विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | 30-2021-22-Sr.DEN-I-FZR | वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता – प्रथम, फिरोजपुर के अर्न्तगत फिरोजपुर सिटी–फाजिल्का खण्ड में झोकटहल सिंह, गरूहरसहाय, जलालाबाद, एवं लाधुका (चार स्टेशनों) पर पैनल इंटरलॉकिंग के साथ सिंगलिंग के आइसोलेशन और अपग्रेडशन के संबंध में यार्ड में बदलाव के लिए सेस पर 12250 कम गिट्टी की आपूर्ति, फगवाड़ा–नवाशहर–जेजों खण्ड साहनेवाल पर बहराम, वंगा एवं नवाशहर (तीन स्टेशन) और साहनेवाल–जालंधर सिटी–फिरोजपुर पर ढंढारीकलां – फगवाड़ा स्टेशनों के बीच टर्नआउट का नवीनीकरण। | |
| | विज्ञापन मूल्य (रू0) | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
| | 1,19,35,175/- | 45 दिन | 06 महीने |
| | समान प्रकृति का कार्य– रैलवे / राजमार्ग / सड़कों के लिए मशीन क्रश स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | | |

नोट : 1. निविदा डालने से पहले निविदाकर्ता निविदा के सम्बन्ध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करेंगे।
निविदा सूचना पत्र सं.:– 770-W/169/WA-1/FZR/30-2021-22-Sr.DEN-I-DRM-FZR Date : 29.06.2021 1452/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



FCS

**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305
CIN No. L72100DL1993PLC179154

31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किये गये (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही मार्च 31, 2021 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2021 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2020 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 674.34 | 3,405.87 | 3,733.11 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (1,580.33) | (1,232.57) | (2,380.26) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (1,580.33) | (1,232.57) | (2,380.26) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | (577.70) | (577.70) | 661.04 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.09) | (0.07) | (0.07) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.09) | (0.07) | (0.07) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.09) | (0.07) | (0.07) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.09) | (0.07) | (0.07) |

टिप्पणी :
1) स्टैंडअलोन जानकारी

| विवरण | समाप्त तिमाही मार्च 31, 2021 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2021 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2020 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 665.44 | 3,366.82 | 3,688.48 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (1,475.97) | (1,121.10) | (1,056.18) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (1,475.97) | (1,121.10) | (1,056.18) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.039 | 0.197 | 0.197 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.039 | 0.197 | 0.197 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.039 | 0.197 | 0.197 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.039 | 0.197 | 0.197 |

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमासिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमासिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 29 जून 2021